संक्षिप्त

अंधड़ और मूसलाधार का मिलजुला रूप दिखा

उदयपुर, । झीलों के शहर में कई दिनों से मौसम में अचानक बदलाव हो रहा। कभी तेज गर्मी पड़ रही तो इस गर्मी को तोड़ने व राहत देने के लिए बारिश हो रही है। ऐसा ही कुछ दिखाई दिया रविवार के दिन। सुबह से मौसम में भारी उमस घुली हुई थी लेकिन शाम करीब 6 बजे अचानक मौसम बदलने लगा और हल्की हवाओं के साथ आसमान में बादल छा गए। कुछ देर बाद बारिश का दौर शुरू हुआ और मध्यम क्रम की इस बारिश से गर्मी से हल्की राहत दी और रविवार मौसम को सुहावना कर दिया। लेकसिटी में मई माह जिसमें भीषण गर्मी रहती है और तापमान 40 से 42 डिग्री के करीब रहता है लेकिन इस बार गर्मी अपना असर तो दिखा रही है लेकिन तपती गर्मी को हल्का करने बारिश हो रही है। मौसम में अचानक बदलाव आ रहा है। मई माह में करीब 25 दिनों में से करीब 18 दिन मौसम बदलता रहा। मई माह के शुरू के 15 दिनों में से तो करीब 11 दिन बारिश में ही बीते थे और बीते एक सप्ताह में सुबह तेज गर्मी और दोपहर व शाम होते होते कभी मूसलाधार तो कभी हल्की बरसात शहर को भिगो रही है और मौसम में घुली तपिश को कम कर रही है हालांकि बारिश के कुछ घंटों बाद फिर मौसम में उमस घुल रही जो बेहाल कर रही है लेकिन मौसम में बार-बार बदलाव ऐसा कहीं प्रतीत नहीं करवा रहा कि यह मई माह में जिसमें भीषण गर्मी रहती है हालांकि अप्रेल माह के आखिरी दिनों में गर्मी ने अपने तेवर दिखाए थे और तापमान करीब 44 डिग्री तक रिकॉर्ड किया गया था।

धमका कर अवैध नकदी वसूली

उदयपुर, । मकान के बाहर खड़े व्यक्ति को धमका कर बदमाश अवैध नकदी वसूल कर फरार हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तीरामजी की बाड़ी धानमण्डी निवासी लियाकत अली पुत्र मुश्ताक हुसैन जर्मनवाला ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 20 मई सांय मैं अपने मकान के बाहर खड़ा था। इस दौरान हंसमुख नामक व्यक्ति ने आकर धमकाया तथा स्वयं को पुलिस वाला बता 10 हजार रूपये नकदी वसूल फरार हो गया। कुछ देर बाद वापस टेम्पों लेकर आया तथा मुझे टेम्पो में डाल कर ले जाने का प्रयास किया। इस दौरान पत्नी ने विरोध कर मुझे मकान में धकेल कर किवाड़ बंद कर दिया। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच एएसआई बिहारीलाल को सौंपी।

विवाहिता ने की आत्महत्या, पति व सास के खिलाफ मामला दर्ज

उदयपुर, । जिले के पहाड़ा थाना क्षैत्र में विवाहिता ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इस पर उसके भाई ने मृतका के पति व सास के खिलाफ बहर को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने का प्रकरण पुलिस थाने में दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 मई को पहाड़ा थाना क्षैत्र डेयावाड़ा गांव निवासी कमला पत्नी रणजीत ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महतया कर ली। सूचना मिलने पर पहाड़ा थाना अधिकारी उम्मेदीलाल ने मौके पर पहुंच मृतको को मोर्चरी में रखवा पीहर पक्ष को बुलावा कर उनकी मौजूदगी में मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। मृतका के भाई हरीशचन्द्र पुत्र मोहनलाल भणात निवासी बारो का शेर पाल देवल डूंगरपुर ने मृत्यु पर शंका व्यक्त करते हुए बहन के पति डेयावाड़ा पहाड़ा निवासी रणजीत पुत्र प्रभूलाल व उसकी मां सीतादेवी को बहन कमला को आए दिन परेशान करने से उसके द्वारा फांसी लगा आत्महत्या करने की रिपोर्ट दी है।मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक राजीव राहर कर रहे है।

हमले में युवक घायल

उदयपुर, । आपसी कहासुनी के दौरान अपचारियों ने धारदार हथियार से हमला कर युवक को घायल किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के बडगांव थाना क्षैत्र कच्ची बस्ती बडगांव निवासी गजेन्द्र लौहार पत्रु धनेश्वर लौहार ने विधी से संघर्षरत तीन बाल अपचारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 23 मई रात में जाते समय आरोपियों को देख एतराज किया तो आरोपियों धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गए। चिल्लाने की आवाज सूनकर आए परिजनों ने मुझे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया।

महाराणा प्रताप जयंती समारोह : चेतक सर्कल पर अश्व पूजन कार्यक्रम

उदयपुर, मेवाड़ क्षत्रिय महासभा संस्थान उदयपुर शहर, नगर निगम उदयपुर के तत्वाधान में आयोजित 485वी जयंती से पहले सात दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को चेतक सर्कल पर बजरंग सेना मेवाड़ के संयुक्त कार्यक्रम के प्रारंभ में चेतक अश्व पूजन का कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम संयोजक कमलेंद्र सिंह पंवार, सुनील कालरा,पुखराज राजपुरोहित, स्केटिंग एवं डर्ट बाइक पर देशभक्ति नृत्य बच्चों द्वारा श्री राम स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में संयोजक मंजीत सिंह गहलोत के साथ किया। वहीं मातृशक्ति द्वारा शौर्य तलवार रास का आयोजन अमित जैन, भरत साहू के नेतृत्व में एवं राणा प्रताप पूजा मार्शल आर्ट एकेडमी देवाली द्वारा एडवोकेट फतेह सिंह राठौड़ , उस्ताद नरेंद्र सोनी के सानिध्य में हेरतअंगेज कारनामों का प्रदर्शन अखाड़ा के पहलवानों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मेवाड़ क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह करेलिया, संयोजक प्रेम सिंह शक्तावत ,महेंद्र सिंह पाखंड, उपाध्यक्ष कुंदन सिंह मुरोली ,दिलीप सिंह बांसी ,रामसिंह खेड़ा, शक्ति सिंह कारोही द्वारा उद्बोधन

उदयपुर में महाराण प्रताप जयंती समारोह के सात दिवसीय कार्यक्रम के तहत रविवार को चेतक सर्कल पर अश्व पूजन कार्यक्रम हुआ।

के साथ विशिष्टअतिथियों में विधायक ताराचंद जैन, प्रमोद सामर, गजपाल सिंह राठौड़, पारस सिंघवी, चंद्रगुप्त सिंह चौहान, छोगा लाल भोई के साथ ही विशेष सहयोग करने वाले वालों का सम्मान किया गया जिसमें लक्ष्य कोचिंग के आनंद गर्ग , एडवोकेट निर्मल पंडित, राजेंद्र सिंह पीपाड़ा, सुनील कालरा ,करणवीर सिंह राठौड़, पुखराज सिंह राजपुरोहित ,एडवोकेट उदय सिंह देवड़ा, नाथु लाल सेन, भीष्म पुरुषवाणी सुरेश टहल रामानी, सुरेश चौहान शिव सिंह सोलंकी , कमलेंद्र सिंह खंगारोत, गिरिराज सिंह सांखला प्रवक्ता, हेमेंद्र सालवी सम्मिलित हैं।

इधर, उदयपुर के प्रताप गौरव केन्द्र 'राष्ट्रीय' तीर्थ में इस बार वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर होने वाले कवि सम्मेलन में मेवाड़ के कवियों की वाणी गूंजेगी। प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि महाराणा प्रताप जयंती तिथि अनुसार ज्येष्ठ शुक्ला तृतीया पर मनाई जाती है जो इस बार 29 मई को है। इस अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम रहेंगे। इसमें पूर्व संध्या पर 28 मई को होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े रहेंगे तो विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ रहेंगे। मुख्य वक्ता आर्गनाइजर साप्ताहिक पत्रिका के प्रधान सम्पादक प्रफुल्ल केतकर होंगे। यह कार्यक्रम 28 मई सायंकाल 6 बजे से होगा। दूसरे दिन 29 मई को प्रात: 7 बजे केन्द्र में स्थापित 57 फीट की महाराणा प्रताप की बैठक प्रतिमा 'स्टेच्यू ऑफ प्राइड' का दुग्धाभिषेक किया जाएगा। इसमें राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ सहित राज्य के सहकारिता मंत्री गौतम दक उपस्थित रहेंगे। इसी दिन सायंकाल 7 बजे राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रचनाओं से परिपूर्ण ओजस्वी कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें मेवाड़ के कवि प्रकाश नागोरी, राव अजातशत्रु, आशा पाण्डे ओझा, सिद्धार्थ देवल, पुरषोत्तम शाकद्वीपी, गौरव गोलछा (उदयपुर), सतीश आचार्य (राजसंमद) गोपाल शर्मा (केलवाड़ा), नन्दकिशोर अखिलेश (बड़ी सादड़ी) मनोज गुर्जर, हिम्मत सिंह (मावली), दीपशिखा (नीमच), अंशुमान आजाद (निम्बाहेड़ा) रचनापाठ करेंगे।

उदयपुर की भीलू राणा कॉलोनी में दिखा पैंथर

उदयपुर, (का.स.) । उदयपुर में भी सज्जनगढ़ पहाड़ी क्षेत्र में स्थित भीलू राणा कॉलोनी में भी पेंथर के विचरण से लोगो में भय व्याप्त है । वहीं चित्तौड़गढ़ में भालू की मौजूदगी एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। रविवार सुबह बस्सी तहसील के पाल का घाटा गांव में एक भालू दिखाई दिया। यह क्षेत्र विजयपुर रेंज में आता है। ग्रामीणों ने बताया कि भालू एक खेत में देखा गया जिसके बाद वह घाटे की पहाड़ियों की ओर चला गया।

आपको बतादे कि दो दिन पहले भी चित्तौड़गढ़ दुर्ग के सूरजपोल गेट के पास एक भालू दिखाई दिया था। इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी और देर शाम तक भालू की तलाश करती रही लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।रविवार को जब पाल का घाटा क्षेत्र में भालू नजर आयाए तब खेत में काम कर रहे लोगों में हलचल मच गई। खेत के पास ही मौजूद कुछ लोगो ने भालू की मूवमेंट देखी और तुरंत उसका वीडियो भी बना लिया। भालू कुछ देर खेत में घूमता रहा और फिर पहाड़ी की ओर चला गया।इस बार भालू को देखने के बाद भी ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी जानकारी नहीं दी। अगर समय पर सूचना दी जाती तो वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर भालू की सही लोकेशन का पता लगा सकती थी।

जानकारों का मानना है कि गर्मी के कारण जंगली जानवर पानी और खाने की तलाश में जंगलों से बाहर निकल रहे हैं। ऐसे में भालू जैसे पहाड़ी इलाकों में अकेले जाने से बचें। अगर कहीं भी भालू या किसी अन्य जंगली जानवर की गतिविधि नजर आए तो तुरंत विभाग को सूचित करें ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। माना जा रहा है कि यह भालू मध्य प्रदेश के जंगल या फिर मेनाल के जंगलों से आया है।

इधर उदयपुर में सज्जनगढ़ अभ्यारण्य के समीप स्थित भीलू राणा कॉलोनी में पेंथर के विचरण से लोगो में भी व्याप्त हो।रविवार सुबह 6 बजे पेंथर का विचरण देखा गया,दो दिन पूर्व भी सी सी टीवी कैमरे में एक श्वान का शिकार करते हुए पेंथर देखा गया।

डॉ. महेश आमेटा आईकन ऑफ एशिया अवार्ड से सम्मानित

उदयपुर, ।आक्सफार्ड विवि युनाईटेड किंगडम एवं ग्लोबल एम्पायर इवेन्ट लिमिटेड, युनाईटेड किंगडम के संयुक्त तत्वाधान में 13 वां वर्ल्ड लिडर समिट का आयोजन आक्सफार्ड विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया।

राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालयके शोध सहायक डॉ. महेश आमेटा को आक्सफार्ड विश्वविद्यालय द्वारा आईकन ऑफ एशिया अवार्ड से नवाजा गया। समारोह में एडवोकेट युद्धवीर सिंह भीण्डरा, फाउन्डर एण्ड डायरेक्टर, ग्लोबल इम्पायर इवेन्ट लिमिटेड, युनाईटेड किंगडम, विरेन्द्र शर्मा, फार्मर एम. पी, हाउस ऑफ कॉमन, युनाईटेड किंगडम, विट जेडलिका, प्रेसिडेन्ट, फ्री रिपब्लिक ऑफ लिब्रलेण्ड, भगवान चौहान, फार्मर मेयर, काउन्सलर फॉर एल्परटोन, ब्रेन्ट काउन्सिल उपस्थित थे। सादे समारोह में आक्सफार्ड विवि से प्राप्त प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह् डॉ. आमेटा को देते हुए कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि डॉ. आमेटा ने ग्लोबल लेवल पर यह सम्मान प्राप्त कर विश्वविद्यालय को ही नहीं वरन सम्पूर्ण उदयपुर को गौरवान्वित किया है। उन्होंने संस्था का नाम भारत ही नहीं विश्व में नाम रोशन किया है। निदेशक प्रो. जीवन सिंह खरकवाल ने बताया कि डॉ. महेश आमेटा का संस्कृत साहित्य, हवन, ज्योतिष, कर्मकाण्ड, वास्तु आदि क्षेत्र में शोध कार्य किया, जो अभूतपूर्व है। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. कुल शेखर व्यास, डॉ. चंद्रेश छतलानी, निजी सहायक कृष्णकान्त कुमावत, डॉ. यज्ञ आमेटा, डॉ. तिलकेष आमेटा, नारायण पालीवाल, विकास डांगी, शौयेब कुरैषी, विद्यार्थी सहित स्कोलर्स उपस्थित थे। संचालन डॉ. कुलशेखर व्यास ने किया।

शोध सहायक डॉ. महेश आमेटा को आक्सफार्ड विवि द्वारा आईकन ऑफ एशिया अवार्ड से नवाजा गया।

दिव्य कलश यात्रा में उमड़ा भक्ति का ज्वार

उदयपुर, । भागवत सत्संग परिवार की ओर से रविवार से शुरू हुई भागवत कथा के दौरान दिव्य कलश यात्रा में भक्ति का ज्वार उमड पडा, तेज गर्मी के बावजूद कलश धारण किये महिलाएं भजन गाते और नाचते हुए चलीं। अमल का कांटा स्थित सत्यनारायण मंदिर से महंत मिथिला बिहारी शरण के आशीर्वाद के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में कथा वाचक पंडित राकेश मिश्रा महाराज बग्घी में बिराजे। बग्घी की डोर हनुमान जी महाराज ने संभाली। संयोजक सुनील व्यास ने बताया कि गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में निवर्तमान उप महापौर पारस सिंघवी, पूर्व पार्षद अर्चना शर्मा, लोकेश द्विवेदी, कुंज बिहारी शर्मा, वात्सल्य सेवा समिति के प्रकाश अग्रवाल, पूर्व भाजपा शहर जिलाध्यक्ष दिनेश भट्ट, भूपेश व्यास, सतीश व्यास, विजय व्यास, राजेश व्यास, पुष्कर व्यास, अनिल अग्रवाल आदि ने भागवतजी की पोथी को सिर पर उठाकर कथा स्थल तक पहुंचाया। कलश यात्रा सत्यनारायण मंदिर से विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल छोटी ब्रह्मपुरी स्थित सहस्त्र औदीच्य धर्मशाला पहुंची। कथा स्थल पर पहुंचने पर कथा व्यास राकेश महाराज ने पहले दिन भागवत कथा सुनने का महत्व बताया। संयोजक सुनील व्यास ने बताया कि 31 मई तक चलने वाली यह कथा सहस्त्र औदीच्य धर्मशाला में नियमित रूप से शाम 4 से 7 बजे तक होगी।

दिव्य कलश यात्रा में महिलाएं भजन गाते हुए शामिल रही।

कांग्रेस की ओर से निकाली गई 'संविधान बचाओ रैली'

उदयपुर। एआईसीसी के निर्देशानुसार पूरे देश में कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ अभियान के माध्यम से देश की जनता को जागरूक करने का अभियान के क्रम में संविधान बचाओ अभियान एवं समय पर जातिगत जनगणना करवाने की मांग को लेकर उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को संविधान बचाओ रैली निकाली गई।

संविधान बचाओ रैली कार्यक्रम में उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड ने उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कहा कि आज के समय में देश में लोकतंत्र और संविधान को बनाए रखने की बेहद आवश्यकता है। और केंद्र की मोदी सरकार हो या राजस्थान की पर्ची सरकार दोनों ही संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने का निरंतर प्रयास कर रहे है।

ऐसे में हम कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि हम देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए आगे आए और ये लडाई जमीनी स्तर तक लडें। संविधान बचाओ रैली में प्रदेश कांग्रेस से नियुक्त प्रभारी दामोदर गुर्जर, पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया, राजस्थान इंटक अध्यक्ष जगदीशराज श्रीमाली, ब्लॉक अध्यक्ष सोमेश्वर मीणा, वरिष्ठ नेता के के शर्मा, पूर्व पार्षद चंदा सुहालका, शहर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दलपत सिंह चुंडावत, मो. अय्यूब, महासचिव दीपक व्यास, जयप्रकाश निमावत सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को संविधान बचाओ रैली निकाली

'योगीजनों में योग के प्रति सकारात्मक उत्साह एवं उमंग देखा जा रहा'

उदयपुर, । पतंजलि योग परिवार उदयपुर द्वारा मनवाखेडा स्थित वीरवाल जैन समाज छात्रावास में 18 मई से चल इंटीग्रेटेड सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हो रहा है।

संवाद प्रभारी एवं योग साधक जिग्नेश शर्मा ने बताया कि योगीजनों में योग के प्रति सकारात्मक उत्साह एवं उमंग को देखा जा रहा हैं। इंटीग्रेटेड सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के साथ जिला स्तरीय योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास वरिष्ठ योगाचार्य भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के उप अधीक्षक पुलिस रतनसिंह राजपुरोहित ने योगीजन में जोश एवं हुँकार पैदा करते हुए योगाभ्यास प्रारम्भ किया। राजपुरोहित द्वारा प्रार्थना, वार्मअप, सूक्ष्म यौगिक क्रिया, सूर्यनमस्कार,ताडासन, दंडासन, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन, भुजंगासन, अर्धहलासन, शलभासन, भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, शीतली, उज्जायी आदि आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास भजन व जयघोषों के साथ करवाते हुए लाभ व सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की।

योगाभ्यास करते शहरवासी।

- इंटीग्रेटेड सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के साथ जिला स्तरीय योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास वरिष्ठ उप अधीक्षक पुलिस रतनसिंह राजपुरोहित ने योगीजन में योगाभ्यास प्रारम्भ किया।

सार-समाचार

सीतामाता मेले में दर्शनार्थियों से शुल्क वसूलने पर सांसद ने नाराजगी जताई

उदयपुर, । सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने सीतामाता वन्यजीव अभयारण्य में स्थित सीतामाता मंदिर के मेले में जाने वाले दर्शनार्थियों से वन विभाग द्वारा शुल्क वसूलने पर नाराजगी जाहिर की है और इस संबंध में जिला कलेक्टर प्रतापगढ से बात कर इस व्यवस्था में बदलाव के लिए कहा है। सांसद डॉ रावत ने बताया कि धरियावद उपखंड में सीतामाता वन्यजीव अभयारण्य में क्षेत्र की लोकदेवी सीतामाता मंदिर स्थित है जो अति प्राचीन है और रामायण काल से इसका संदर्भ जुडा है। यहां मां सीताजी का मंदिर होने के साथ ही लवकुश जन्म भूमि, ठंडे व गर्म जल कुंड और फटी हुई धरती जहां मान्यता है कि यहां सीतामाता धरती में समाई थी, हनुमान जी को बरगद से बांधने ऐसे दुलर्भ दर्शन स्थल है। यहां चार दिवसीय मेला रविवार से प्रारंभ हुआ है, जहां हजारों की संख्या में दर्शनार्थी 15 दिन पूर्व से मेले में आ रहे हैं। सांसद डॉ रावत ने कहा कि इन दर्शनार्थियों से वन विभाग प्रति व्यक्ति 145 रुपए और छात्र होने पर 55 रुपए तथा वाहन के अलग से 330 रुपए तक राशि वसूल रहा है। रावत ने कहा कि मंदिर के मेले में आने वाले दर्शनार्थियों से शुल्क वसूलना अनुचित है और इस पर तुरंत प्रभाव से रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मेले में आसपास के आदिवासी हजारों की संख्या में मेले में आते हैं और उनके लिए इतनी बडी राशि मेले में प्रवेश के नाम पर देना असंभव है। चार दिवसीय मेले में लोग मां सीता के दर्शन के लिए आ रहे हैं, अभयारण्य में घूमने के लिए नहीं आ रहे हैं इसलिए इस प्रकार के शुल्क का कोई ओचित्य नहीं है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक की ओर से अभयारण्यों में शुल्क संबंधी जो सूची जारी की गई है उसमें भी सीतामाता वन्यजीव अभयारण्य का उल्लेख नहीं है। सांसद डॉ रावत ने इस संबंध में जिला कलेक्टर प्रतापगढ से फोन पर बात कर शुल्क संबंधी व्यवस्थाओं में बदलाव के लिए कहा है।

रीको औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्डों का ई-नीलामी द्वारा आवंटन, आज से शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

उदयपुर, । प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहन देते हुए चहूमुखी विकास और रोजगार के अवसरों में बढ्रोतरी सुनिश्चित करने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर आयोजित राइजिंग राजस्थान के तहत हुए निवेश समझौता की क्रियान्विति को लेकर सरकार पूर्ण गंभीरता से प्रयासरत हैं। इसी क्रम में निवेशकों को अपनी इकाई स्थापना के लिए भूखण्ड उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है। रीको द्वारा उदयपुर के औद्योगिक क्षेत्रों में वाणिज्यिक, होटल एवं नर्सिंग होम के 7 भूखण्डो का ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन किया जा रहा है। उदयपुर के 2 रीको औद्योगिक क्षेत्रों में 7 गैर औद्योगिक भूखण्ड ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन हेतु उपलब्ध हैं। रीको उदयपुर के वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं ईकाई प्रभारी अजय पण्ड्या ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र भामाशाह कलडवास, में 4 वाणिज्यिक भूखण्ड एवं औद्योगिक क्षेत्र गुडली, उदयपुर में 1 वाणिज्यिक भूखण्ड, 1 होटल भूखण्ड एवं 1 नर्सिंग होम /अस्पताल/डिस्पेनसरी हेतु भूखण्ड उपलब्ध है। वाणिज्यिक भूखण्डो का क्षेत्रफल 625 वर्गमीटर से 12941 वर्गमीटर के मध्य है, होटल भूखण्ड का क्षेत्रफल 4405 वर्गमीटर एवं नर्सिंग होम /अस्पताल/डिस्पेनसरी भूखण्ड का क्षेत्रफल 3299 वर्गमीटर है। वाणिज्यिक भूखण्डो में कामर्शियल कॉम्पलेक्स, मॉल, होटल, सिनेमा, मल्टीप्लेक्स, वेयर हाउसिंग, पेट्रोल पंप, वे-ब्रिज आदि कार्य किये जा सकते है। रीको द्वारा राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 379 गैर औद्योगिक भूखण्ड ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन हेतु उपलब्ध हैं। जिनमें 165 व्यावसायिक, 20 अस्पताल/ नर्सिंग होम/ डिस्पेनसरी, 13 होटल, 133 आवासीय/ग्रुप हाउसिंग, 11 वे ब्रिज, 11 पेट्रोल पंप/ सीएनजी स्टेशन, 5 स्कूल एवं 21 संस्थानिक श्रेणी के भूखण्ड हैं। पण्ड्या ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के अन्तर्गत राज्य सरकार के साथ एमओयू निश्पादन करने वाले निवेशक भी उक्त ई-नीलामी में भाग लेकर अपने प्रोजेक्ट के लिए भूमि का आवंटन प्राप्त कर सकते है। पण्ड्या ने बताया कि उक्त गैर औद्योगिक भूखण्डो के आवंटन के लिए आवेदन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो रही है, आवेदक को मय प्रोजेक्ट रिपोर्ट 10 जून तक ऑनलाईन आवेदन करना होगा।

मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

उदयपुर, । हज़रत बिलाल नौजवान कमेटी पहाड़ा द्वारा कैरियर गाइडेंस व काउंसलिंग प्रोग्राम रविवार को पहाड़ा स्थित बिलाली मदरसा में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा, करियर और रोजगार के प्रति जागरूक करना और उन्हें उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में 12 कला में 97 प्रतिशत अंक लाने वाली शिफा फरजान अब्बासी व 91 प्रतिशत लाने वाली तस्कीन बानो का सम्मान किया गया। फ़िरदोस खान ने बताया कि इस कार्यक्रम में 10वीं,12वीं और उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे करीब 103 विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों को विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम संयोजक मो. अशफाक सक्का ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता केमिस्ट्री एक्सपर्ट प्रो. डॉ.शाहनवाज रहे। इसके अलावा फ़िरदोस खान, डॉ. इरशाद अली, रियाज़ अहमद, डॉ. शाहिद अहमद, फराज़ खान, कर्नल खान, मो.अली बशर ने बच्चों को मार्गप्रदर्शन प्रदान किया।

व्यापारी से नकदी लूटी

उदयपुर, । शहर के सवीना थाना क्षैत्र में बाइक सवार किराणा व्यापारी से बदमाश नकदी सेभरा बैग छीन ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित दीपक कुमार जैन पुत्र शांतिलाल जैन निवासी कंचन विहार सात्रित्री वाटिका के सामने हिरीणमगरी सेक्टर 4 ने सविना पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 23 मई रात में मैं अपनी किराणा दुकान बंद कर नकदी से भरा बैग व दस्तावेज लेकर बाइक पर मुशी राजुसिंह के साथ दुकान से घर लौट रहा था। इसी दौरान पैदल चल पास आए बदमाश ने धक्का देकर नीचे गिरा दिया तथा बैग छीन कर फरार हो गया। बैग में 65 हजार रूपये नकदी, बिल बुक, दस्तावेज थे। इस मामले में पुलिसने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

SANITATION WATER AND COMMUNITY HEALTH PROJECT
कार्यालय परियोजना अधिकारी स्वच्छ परियोजना
पुलिस अन्वेषण भवन के आगे, बड़ी रोड़, उदयपुर (राज.)
दूरभाष नं0 9829111664, 9660226664 Email : udrswachpo@gmail.com
क्रमांक: एफ.( )/माँ-बाडी/प.अ./उदय./स्वच्छ/2025-26/1625-26 दिनांक: 25.05.2025

खुली निविदा (बोली) निविदा सूचना संख्या 05 से 54 तक

UBN No.

SWP2526WSOB00327	SWP2526WSOB00328	SWP2526WSOB00329	SWP2526WSOB00330
SWP2526WSOB00331	SWP2526WSOB00332	SWP2526WSOB00333	SWP2526WSOB00334
SWP2526WSOB00335	SWP2526WSOB00336	SWP2526WSOB00337	SWP2526WSOB00338
SWP2526WSOB00339	SWP2526WSOB00340	SWP2526WSOB00341	SWP2526WSOB00342
SWP2526WSOB00343	SWP2526WSOB00344	SWP2526WSOB00345	SWP2526WSOB00346
SWP2526WSOB00347	SWP2526WSOB00348	SWP2526WSOB00349	SWP2526WSOB00350
SWP2526WSOB00376	SWP2526WSOB00351	SWP2526WSOB00352	SWP2526WSOB00353
SWP2526WSOB00354	SWP2526WSOB00355	SWP2526WSOB00356	SWP2526WSOB00357
SWP2526WSOB00358	SWP2526WSOB00359	SWP2526WSOB00360	SWP2526WSOB00361
SWP2526WSOB00362	SWP2526WSOB00363	SWP2526WSOB00364	SWP2526WSOB00365
SWP2526WSOB00366	SWP2526WSOB00367	SWP2526WSOB00368	SWP2526WSOB00369
SWP2526WSOB00370	SWP2526WSOB00371	SWP2526WSOB00372	WP2526WSOB00373
SWP2526WSOB00374	SWP2526WSOB00375		

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के वित्तीय स्वीकृति से स्वच्छ परियोजना उदयपुर में मॉ बाड़ी केन्द्रो पर अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण जोटाणा झाडोल, वडेलफला सरना झाडोल , पिपलियाफला उपरेटा झाडोल, बुझड़ाफला झाडोल, देवलवाडा कालिया घाटी झाडोल, बावड़ीफला सेरा झाडोल , गवाडीफला सेरा झाडोल, लाम्बीकातर जेकड़ा झाडोल, खाराफला लुनियारा झाडोल, फूटनफला आमलिया फलासिया, खेडाफला मादडा फलासिया, तरकाघाटा सराडा, खेडाफला फूटन, बिलाघाटी सराड़ा, वेलुमगरी सराड़ा, हरचन्दफला सराड़ा, दिवालीधरा जयसमन्द, मोतीमगरी जयसमन्द, भटवाड़ा जयसमन्द, हिरीमेरी लसाड़िया, भूतियाफला लसाड़िया, जियावतफला लसाड़िया, जयफला लसाड़िया, पानीनाल झल्लारा, गड़ाफला झल्लारा, तोरण महूडी सलूम्बर, टामटियाफला सलुम्बर, तलाईफला सलुम्बर, बावड़ीफला सलुम्बर, सूलियाखेडा सलुम्बर, फूटनखेडा सलुम्बर, मीनाभांगल सलुम्बर, चौकी का खेत गोगुन्दा, नालचक कोटडा, हाडालीब कोटडा, झरखाली घाटी थेप कोटडा, उन्डावेला झाड़ोल, गरासियाफला फलासिया, गुराडफला फलासिया, भोलावडा केवडी फलासिया, अम्बावी फलासिया, अम्बासा फलासिया , परेडफला फलासिया, मोती दवेरफला फलासिया, रोहिनापाडा फलासिया, कुण्डाल सेमारी , कबीरदरा सराड़ा, रामाखेत सराड़ा , मगरीफला लसाडिया , आंजना लसाडिया, में मॉ बाडी केन्द्रो पर अतिरिक्त कक्षाकक्ष निर्माण का कार्य इस कार्यालय द्वारा करवाया जाना है। कार्य की खुली निविदा की प्रति दिनाक 26.05.2025 से 04.06.2025 तक वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। खुली निविदा के टेन्डर डोक्यूमेन्ट तकनीकी बीड व वित्तीय बीड दो अलग - अलग लिफाफो में सीलबन्द जमा करावे, स्टॉम्प व डी0डी0 (परियोजना अधिकारी स्वच्छपरियोजना उदयपुर के पक्ष में) कार्यालय में हार्ड कॉपी में दिनांक 04.06.2025 दोपहर 2.00 बजे तक लिये जाकर तकनीकी निविदायें 04.00 बजे तक खोली जावेगी। उक्त निविदाओं की जानकारी व नियम व शर्तें वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती हैं। परियोजना अधिकारी, स्वच्छ परियोजना, उदयपुर